रोहतक
गुरुवार, 31 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 181
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.6
न्यून. 22.5

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## इसरो और नासा की ऐतिहासिक साझा उड़ान, मौसम और भूकंप की मिलेगी सटीक जानकारी

# सबसे ताकतवर और महंगा सैटेलाइट 'निसार' लॉन्च

**ऐसा है प्रोजेक्ट**

**12,500** करोड़ रुपये कुल खर्च

**747** किमी ऊंचाई पर स्थापित

**97** मिनट में धरती का चक्कर पूरा करेगा

**1173** चक्कर लगाएगा 12 दिन में



भाषा ▶▶| श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

### अंधेरे में भी घने जंगल और धुएं को देखने की क्षमता, धरती के छोटे से छोटे बदलाव को मापेगा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को जीएसएलवी रॉकेट से 'निसार' उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया गया। 'निसार' पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसरो के जीएसएलवी एफ-16 ने लगभग 19 मिनट की उड़ान के बाद और लगभग 745 किलोमीटर की दूरी पर निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) उपग्रह को सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित कर दिया। इसरो ने कहा, ''जीएसएलवी ने निसार को निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।'' बुधवार की यह उपलब्धि 18 मई को पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन की असफलता के बाद आई है, जिसमें इसरो का पीएसएलवी त्रुटि के चलते पृथ्वी अवलोकन उपग्रह को वांछित कक्षा में पहुंचाने में विफल रहा था। इसी प्रकार के उपग्रहों- रिसोर्ससैट और रीसैट श्रृंखला, जो परिचालनात्मक रूप से भारत पर केंद्रित थे, को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद, इसरो 'निसार' मिशन के माध्यम से पृथ्वी ग्रह के अध्ययन की यात्रा पर निकल पड़ा है। इसरो के अनुसार, एस-बैंड रडार प्रणाली, डेटा हैंडलिंग और हाई-स्पीड डाउनलिंक प्रणाली, अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा विकसित की गई हैं।

### 2,393 किलोग्राम वजनी उपग्रह

जीएसएलवी-एस16 रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है। जीएसएलवी एफ-16 रॉकेट ने 27.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद 2,393 किलोग्राम वजनी उपग्रह को लेकर उड़ान भरी। चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपण यान ने उड़ान भरी। रॉकेट से अलग होने के बाद, वैज्ञानिक उपग्रह को संचालित करने का काम शुरू करेंगे, जिसमें उसे स्थापित करने और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने में ''कई दिन'' लगेंगे।

**ये खोज करेगा**

निसार एक हाई-टेक सैटेलाइट है। इसका पूरा नाम नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार है। इसे अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा और भारतीय एजेंसी इसरो ने मिलकर बनाया है। इसके पास बादलों, घने जंगल, धुएं और यहां तक कि अंधेरे में भी देखने की क्षमता है। यह धरती की सतह पर बहुत छोटे बदलावों को भी देख सकता है। यह देखेगा कि धरती की सतह या ग्लेशियर्स में कितना बदलाव हो रहा है। जैसे जमीन का धंसना या बर्फ का पिघलना। यह जंगलों, खेतों और दूसरी प्राकृतिक जगहों की स्थिति को मॉनिटर करेगा, ताकि ये समझा जा सके कि पर्यावरण कैसा है। समुद्र की लहरों, उनके बदलावों और समुद्री पर्यावरण को ट्रैक करेगा।

**खबर संक्षेप**

### अब महिला एथलीट्स को कराना होगा जेंडर टेस्ट

**मोनाको।** महिला एथलीट्स को अब जीवन में एक बार जेंडर टेस्ट कराना जरूरी हो गया है। इसके लिए बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने एसआरवाई जीन टेस्ट लागू किया है। जो खिलाड़ी इस टेस्ट से नहीं गुजरेगी, वह वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेगी। यह कानून बीते सालों में जेंडर चेंज कराके महिला बनकर प्रतियोगिओं में उतरने वाली खिलाड़ियों को रोकने के लिए बनाया गया है। नया नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा। 13 सितंबर से टोक्यो में होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला एथलीट्स इस टेस्ट को पास किए बिना भाग नहीं ले सकेंगी। यह टेस्ट लाइफ में एक बार ही कराना होगा।

(विस्तृत खेल पेज पर)

### एक्ट्रेस नंदिनी गिरफ्तार कार से कुचलने का आरोप

**गुवाहाटी।** मशहूर असमिया एक्ट्रेस नंदिनी कश्यप को गुवाहाटी



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर हिट एंड रन का आरोप है। पुलिस ने 29 जुलाई को उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की थी और 30 जुलाई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 25 जुलाई की रात गुवाहाटी में 21 साल का छात्र एसयूवी से टक्कर मार दी थी, जिसमें छात्र की मौत हो गई। *एजेंसी*

### 22 मुकदमे, 47 जगहों पर सीबीआई की रेड

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हजारों फ्लैट खरीदारों को धोखा



देने वाले बिल्डर्स पर सीबीआई ने बड़ा ऐक्शन लेते हुए 22 मुकदमे दर्ज किए हैं। सीबीआई ने कहा है कि बिल्डर्स और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में में 47 ठिकानों पर तलाशी भी ली गई है। *एजेंसी*



**5 मीटर ऊंची सुनामी उठी**

## रूस में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप, 8.8 तीव्रता रही

**तोक्यो।** रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने वीडियो पोस्ट कर कहा कि आज का भूकंप दशकों में सबसे शक्तिशाली था। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा है। जापान ने राजधानी टोक्यो में 20 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा है। इसके अलावा अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली को करा लिया है।

**अमेरिका के अलास्का–हवाई–कैलिफोर्निया तक लहरें पहुंचीं**

### 2011 की यादें ताजा हुईं

इस भूकंप ने 2011 में आए भूकंप और सुनामी की यादें ताजा कर दीं। जापान में लगभग 20 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने की सलाह दी गई है। मार्च 2011 में उत्तर-पूर्वी जापान में आए भूकंप की तीव्रता 9.0 मापी गई थी और इसके कारण भीषण सुनामी आई थी। इस सुनामी ने फुकुशिमा दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र की शीतलन प्रणालियों को निष्क्रिय कर दिया था। रूसी प्राधिकारियों ने बताया कि कामचटका प्रायद्वीप पर आए भूकंप के कारण कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन उन्होंने कोई संख्या नहीं बताई।

## एक अगस्त से होगा प्रभावी, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-जुर्माना भी देना होगा

# जारी वार्ता के बीच ट्रंप का एकतरफा फैसला, भारत पर लगाया 25% शुल्क

### भारत हमारा मित्र, लेकिन उसके साथ व्यापार घाटा बहुत ज्यादा, पिछले कुछ वर्षों में कम ट्रेड हुआ / सैन्य उपकरणों का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा चीन के साथ रूसी ऊर्जा का सबसे बड़ा खरीदार

भाषा ▶▶| वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर दोनों देशों के बीच जारी बातचीत में कुछ गतिरोध के संकेतों के बाद भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने अपने इस फैसले के पीछे भारत के ऊंचे शुल्क, रूस से 'अधिकांश' सैन्य उपकरणों और ऊर्जा की खरीद के साथ-साथ 'गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाओं' को कारण बताया। ट्रंप ने कहा कि भारत को एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना देना होगा। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को अपना 'मित्र' बताया। उन्होंने कहा, "भारत हमारा मित्र है, लेकिन हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके शुल्क बहुत अधिक हैं, जो दुनिया में 'सबसे अधिक' हैं। उनके पास 'सबसे कठोर और अप्रिय' गैर-मौद्रिक व्यापार बाधाएं हैं। इसके अलावा, उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, तथा चीन के साथ रूस के ऊर्जा के सबसे बड़े खरीदार हैं।

**बोले, भारत की नई नीतियां अमेरिकी कंपनियों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही**

**●**

**भारत ने कहा, देशहित में हर जरूरी कदम उठाएंगे**



***भारत ने कहा, जरूरी कदम उठाएंगे***

*ट्रंप के 25% टैरिफ के ऐलान के बाद भारत ने कहा कि वार्ता जारी रखते हुए सरकार सभी जरूरी कदम उठाएगी। राष्ट्रहितों की रक्षा की जाएगी। हमारे लिए किसान, उद्यमी सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा अहमियत रखते हैं।*

### अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर भारत अमेरिका अंतिम दौर की कोशिशों में जुटे

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर एक अगस्त की समयसीमा खत्म होने से पहले अंतिम दौर की कोशिशें की जा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते से संबंधित आपसी मतभेदों को दूर करने की दिशा में गंभीर बातचीत कर रहे हैं ताकि शुल्क वृद्धि से बचा जा सके। सूत्रों के मुताबिक, अगर अंतरिम समझौते पर बातचीत आगे भी जारी रहती है तो मौजूदा शुल्क ढांचे को निष्प्रभावी कर देगा।

### टैरिफ से इन सेक्टर्स को बड़ा झटका

- **फार्मास्यूटिकल:** अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात में लगभग 12.2 अरब डॉलर का योगदान देता है। साल 2024 में भारत के फार्मा एक्सपोर्ट की कुल वैल्यू 127 अरब थी। नए टैरिफ से अमेरिकी बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की कीमतें बढ़ेंगी।
- **ऑटोमोबाइल:** उद्योग की अमेरिका को भारत के कुल निर्यात में लगभग 3% हिस्सेदारी है। ताजा टैरिफ से इस सेक्टर को झटका लगेगा।
- **विनिर्माण क्षेत्र** को 25% टैरिफ के बोझ से संघर्ष करना पड़ेगा। मैक्वेरी के अनुसार, बढ़ी हुई लागत अमेरिकी बाजार में भारत से निर्यात होने वाले विनिर्माण क्षेत्र की वस्तुओं की प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी।
- **टेक्सटाइल और अपैरल्स :** 2023-24 में भारत ने अमेरिका को करीब 9.6 अरब डॉलर के टेक्सटाइल और अपरैल्स एक्सपोर्ट किए थे। ये कुल एक्सपोर्ट का 28% है।
- **एग्रीकल्चर व सीफूड :** 2024 में इनका एक्सपोर्ट करीब 2.58 अरब डॉलर था, जिन पर अब 27.83% का टैरिफ अंतर पड़ सकता है।
- **शराब, मांस और चीनी** : सबसे ज्यादा टैरिफ बढ़ोतरी इस कैटेगरी में देखी जाएगी। इस कैटेगरी में भारत का एक्सपोर्ट केवल 1.92 करोड़ डॉलर का ही है।
- **फुटवियर:** हर साल अमेरिका को 45.76 करोड़ डॉलर का एक्सपोर्ट करती है। अमेरिकी मार्केट में इंडियन फुटवियर महंगे हो जाएंगे।

**जीडीपी पर क्या असर पड़ेगा:** विशेषज्ञों का अनुमान है कि 25% टैरिफ से भारत की जीडीपी में 0.19% की कमी आ सकती है, जो प्रति परिवार औसतन 2396 रुपये की वार्षिक हानि के बराबर है. हालांकि ये प्रभाव सीमित है, क्योंकि भारत की वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2.4% है।

**क्या भारत के विदेशी मुद्रा पर असर पड़ेगा :** बिल्कुल पड़ेगा। टैरिफ के बाद रुपये में कमजोरी देखी गई, जो 85.69 के स्तर तक पहुंच गया। निर्यात में कमी से विदेशी मुद्रा भंडार पर असर पड़ सकता है।

## अब शहरों में तीन दिन में लगेगा बिजली कनेक्शन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के महानगरीय क्षेत्रों में एलटी सप्लाई के अन्तर्गत अस्थायी, नया बिजली कनेक्शन या अतिरिक्त भार अब सम्पूर्ण आवेदन, प्रभारों और दस्तावेजों की प्राप्ति के सिर्फ 3 दिन के अन्दर प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इससे संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। अस्थायी, नये बिजली कनेक्शन या अतिरिक्त भार के लिए नगरपालिका क्षेत्रों में 7 दिन जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन की समय-सीमा निर्धारित किया गई है। प्रणाली के विस्तार या संवर्धन के मामले में यह समय-सीमा 34 दिन तय की गई है।

**राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में आई यह सेवा, ग्राहकों को होगा फायदा**



**एचटेट परीक्षा लेवल-3 की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न**

**रोहतक।** प्रदेशभर में हरियाणा पात्रता परीक्षा का पेपर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। प्रशासन ने चाक चौबंद सुरक्षा कर रखी थी। गुरुवार को भी दूसरे दिन परीक्षा का आयोजन होगा। रोहतक के एक परीक्षा केंद्र पर कान की बालियां उतरवाते हुए चेकिंग अधिकारी।

## लद्दाख में सेना की गाड़ी पर चट्टान गिरने से लेफ्टिनेंट कर्नल व एक जवान की मौत

एजेंसी ▶▶| लेह

लद्दाख के लेह में सेना की एक गाड़ी पर चट्टान गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत हो गई, जबकि मेजर रैंक के दो अधिकारी और एक कैप्टन गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना प्रवक्ता ने दबताया कि सुबह करीब 11:30 बजे जब सेना का काफिला दुरबुक से चोंगताश जा रहा था, तभी एक सैन्य गाड़ी चट्टान की चपेट में आ गया।

### 3 अफसर गंभीर रूप से घायल

घायलों को इलाज के लिए लेह के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह के रूप में हुई है। घायलों की पहचान मेजर मयंक शुभम, मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव के रूप में हुई है।

### पुंछ में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए सेना के जवानों ने भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि माना जा रहा है कि मुठभेड़ में मारे गये ये दोनों आतंकवादी पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे। इस मुठभेड़ से दो दिन पहले सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को ढेर किया था।

**भूना में प्ले स्कूल में विवाद, विरोध करने पर प्रबंधन ने मांगी माफी**

## हिंदू लड़की को नमाज सिखाने व मुस्लिम परिधान सिलवाने के लिए कहने पर हंगामा

**भूना (हरिभूमि न्यूज)।** शहर के एक प्ले स्कूल में धार्मिक गतिविधियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि स्कूल में एक हिंदू लड़की को नमाज पढ़ाने की प्रैक्टिस करवाई गई और उसे मुस्लिम परिधान सिलवाने के लिए कहा गया। इस मामले की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और स्कूल प्रबंधन से कड़े शब्दों में विरोध जताया। विश्व हिंदू परिषद के जिला विशेष संपर्क प्रमुख इंद्राज सिंह व बजरंग दल के प्यारे लाल व राजा राम और राजेश कुमार के अनुसार यह मामला तब सामने आया जब बच्ची के परिजनों ने उसके कपड़ों और गतिविधियों पर सवाल उठाया। हिंदू परिषद व बजरंग दल का आरोप है कि बच्ची को स्कूल में नमाज पढ़ने की प्रक्रिया सिखाई गई और मुस्लिम पहनावा तैयार करवाया गया। विवाद बढ़ता देख स्कूल प्रबंधन ने स्थिति संभालने की कोशिश की। प्ले स्कूल प्रबंधन ने घटना पर खेद जताते हुए माफी मांगी।

- विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कड़े शब्दों में निंदा की
- स्कूल प्रबंधन ने कहा, सांस्कृतिक गतिविधि के रूप में कराया गया था

### क्या कहता हैं स्कूल प्रबंधन

प्ले स्कूल के संचालक जंयत खुराना ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में छोटे-छोटे बच्चों के अलग-अलग एक्टिविटी कार्यक्रम को लेकर तैयारी करवाई गई थी। परंतु एक एक्टिविटी धर्म से संबंधित होने के कारण हिंदू संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने आपत्ति जताई तो हमने गलती स्वीकार कर ली है। इसलिए मामले पर अब कोई विवाद नहीं है।

**निठारी कांड पर सीबीआई को झटका**

## कोली और पंढेर को किया बरी हाईकोर्ट का आदेश बरकरार

**प्रयागराज (एजेंसी)।** नोएडा के बहुचर्चित निठारी



कांड में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपीलों को खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने सीबीआई की अपीलों को खारिज करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को तमाम मामलों में बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने कोली को 12 और पंढेर को दो मामलों में फांसी की सजा को रद्द कर दिया था।

### सिर्फ एक मामले में फांसी की सजा

यह स्पष्ट किया गया है कि रिंपा हलदर मर्डर केस में सुरेंद्र कोली की फांसी की सजा अब भी बरकरार है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने इस विशेष मामले में फांसी की सजा को सही ठहराया है।

**नकदी बरामदगी मामला** सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा से पूछे तीखे सवाल

***न्यायमूर्ति वर्मा को पाया गया था कदाचार का दोषी***

# आपका आचरण विश्वसनीय नहीं आप समिति के समक्ष पेश क्यों हुए?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामदगी मामले में आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट को



अमान्य करार देने का अनुरोध करने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा के आचरण को विश्वसनीय न बताते हुए बुधवार को उनसे तीखे सवाल पूछे। जस्टिस समिति की रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा को कदाचार का दोषी पाया गया था। शीर्ष अदालत ने जस्टिस वर्मा से पूछा कि वह आंतरिक जांच समिति के समक्ष क्यों पेश हुए और उसे वहीं चुनौती क्यों नहीं दी। अदालत ने जस्टिस वर्मा से कहा कि उन्हें समिति की रिपोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहले आना चाहिए था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने कहा कि अगर भारत के प्रधान न्यायाधीश के सामने यह मानने के लिए कोई दस्तावेज है कि किसी न्यायाधीश ने कदाचार किया है तो वह राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सूचित कर सकते हैं।

### सिफारिश को दी है चुनौती

शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायामूर्ति वर्मा ने याचिका में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उन्हें हटाने से संबंधित भारत के प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश को चुनौती दी है। जस्टिस वर्मा ने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की आठ मई की सिफारिश को भी रद्द करने का अनुरोध किया है, जिसमें खन्ना ने संसद से वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया था। जस्टिस वर्मा ने आरोप लगाया कि समिति की रिपोर्ट पहले से तय विमर्श पर आधारित है और ऐसा लगता है कि प्रक्रियात्मक निष्पक्षता की परवाह किए बिना मामले को निपटाने की जल्दबाजी के साथ जांच की गई।

### समिति की यह रिपोर्ट

मामले की जांच कर रही समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का उस 'स्टोर रूम' पर किसी न किसी तरह से नियंत्रण था, जहां आग लगने के बाद बड़ी संख्या में आधी जली हुई नकदी मिली थी। बता दें यह घटना 14 मार्च की है।

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र में किया ऐलान

# पहले फेज में एक लाख परिवारों को दिए जाएंगे 100-100 गज के प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



गांव सुरजगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव डगाली, गांव डीग, गांव बीड कालवा और गांव धनानी में आयोजित धन्यवादी दौरा किया। सैनी ने कहा कि देश के अंत्योदय श्रेणी में शामिल जगह से वंचित एक लाख परिवारों को जल्द ही 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, साथ ही उस प्लॉट के कागज भी सौंपे जाएंगे। इस योजना के तहत आगामी फेज में एक लाख लोगों को चयनित करने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं सरकार द्वारा 15 अगस्त को प्राइवेट अस्पताल की तर्ज पर तैयार किए गए 10 जिलों के सरकारी अस्पतालों में हर प्रकार की बीमारी का इलाज शुरू किया जाएगा। इन सरकारी अस्पतालों में सस्ती दरों पर प्रदेश के लोगों को इलाज मुहैया करवाया जाएगा। इस योजना के तहत जल्द ही प्रदेश के हर जिले में ऐसा एक-एक अस्पताल तैयार किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हर गांव के नुक्कड़ पर खड़े हुए लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

#### पीएचसी का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने गांव डगाली में स्वच्छ पेयजल की पाइप लाइन के लिए 55 लाख 41 हजार रुपये, बीड कालवा में 52 लाख 64 हजार व गांव धनानी में पीने की पाइप लाइन के लिए 27 लाख 15 हजार देने की घोषणा की तथा गांव डीग में 6 करोड़ 38 लाख 42 हजार रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सभी गांवों में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि सरपंचो की तरफ से सौंपे गए मांग पत्रों को सम्बन्धित विभागों को भेज कर पूरा करवाया जाएगा।

#### 500 में सिलेंडर दे रहे

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि जिस परिवार की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है, उस परिवार को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया करवाया जा रहा है। प्रदेश के 18 लाख ऐसे परिवार इस योजना का लाभ ले रहे है। इसी तरह आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज प्रदेश के लोगों को दिया जा रहा है। 70 वर्ष से ऊपर की आयु वाले बुजुर्गों का 10 लाख रुपए तक का इलाज इस योजना के तहत किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के लिए 6 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी गई है।

#### शाहबाद में मिल लगेगी

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला के किसान सूरजमुखी की फसल को अधिक मात्रा में उगाते है जिसको देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि शाहबाद में सूरजमुखी ऑयल मिल लगाई जाएगी। साथ ही सरसों ऑयल मिल के लिए रेवाड़ी में भी जगह चिन्हित कर ली गई है। इन दोनों मिल से प्रदेश के किसानों को सूरजमुखी और सरसों की फसल का उचित भाव मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जहां किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव की पंचायती भूमि पर 20 वर्ष से ज्यादा समय से मकान बनाकर रहने वाले ग्रामीणों को कोर्ट व अन्य मुकदमों से निजात दिलवाने की पॉलिसी बनाई गई। अब ऐसे परिवार 500 वर्ग गज तक उस जगह की रजिस्ट्री अपने नाम करवा सकते हैं।

# फर्जीवाड़ा करने वालों पर शिकंजा, श्रम विभाग के तीन निरीक्षक निलंबित

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

- झज्जर सर्कल-2 के श्रम निरीक्षक राजकुमार, सोनीपत सर्कल-2 से रोशनलाल और फरीदाबाद सर्कल-12 के निरीक्षक धनराज पर कार्रवाई

हरियाणा श्रम विभाग में श्रमिकों के पंजीकरण और कामकाज की स्लिप सत्यापन का फर्जीवाड़ा करने वाले तीन श्रम निरीक्षकों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बुधवार को श्रम, ऊर्जा और परिवहन मंत्री अनिल विज ने साफ कर दिया है कि आगे भी कार्रवाई का सिलसिला जारी रहेगा, विज ने श्रम विभाग के एसीएस और अफसरों के साथ में बुधवार को मंथन भी किया है। फर्जी वर्क स्लिप सत्यापन करने के आरोप में जिन तीन श्रम निरीक्षकों को निलंबित किया गया है, उसमें झज्जर सर्कल-2 के श्रम निरीक्षक राजकुमार, सोनीपत सर्कल-2 से रोशनलाल और फरीदाबाद सर्कल-12 के निरीक्षक धनराज पर कार्रवाई की गई है। उक्त पूरे मामले में आदेश श्रम आयुक्त डॉ. मनीराम शर्मा ने कार्रवाई की शुरुआत कर दी है। श्रम विभाग मंत्री अनिल विज ने जांच पूरी होने तक सभी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) पर रोक लगा दी है। मंत्री विज ने साफ कर दिया है कि 12 लाख फर्जी वर्क स्लिप सत्यापन की है, इसकी जांच की जा रही है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

हरियाणा बिल्डिंग एंड अंडर कंस्ट्रक्शन वर्कर वेलफेयर बोर्ड सचिव की जांच रिपोर्ट के आधार पर तीनों के विरुद्ध एक्शन लिया है। निलंबित अफसरों ने अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच निर्माण वाली साइटों को लेकर श्रमिकों की जांच के बिना ही फर्जी वर्क सर्टिफिकेट जारी कर डाले थे। श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि निलंबित होने वाले राजकुमार 44,168, रोशनलाल ने 51,748 जबकि धनराज ने 35128 वर्क स्लिप मंजूर किए थे। अनिल विज की अध्यक्षता में अप्रैल 2025 को सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बैठक में वर्क स्लिप घोटाला सामने आया था।

#### फर्जी वर्क स्लिप बनाई

श्रम मंत्री अनिल विज ने बुधवार को बताया कि अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच 11 लाख 96 हजार 759 श्रमिकों की वर्क स्लिप का सत्यापन हुआ था। मामला बीते साल अगस्त में सामने आया था। इसमें अधिकारी ने 86 हजार और अन्य ने 90 हजार सत्यापन किए थे। एक-एक अधिकारियों द्वारा सत्यापन दिखाने को लेकर संदेह हुआ। जिसके बाद में छह जिले हिसार, कैथल, जींद, सिरसा, फरीदाबाद, भिवानी में पिछले साल एक नवंबर से 31 जनवरी 2025 के बीच जांच के आदेश दिए थे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, जिला महेन्द्रगढ़ में Village of Excellence के तहत 15 Front Line Demonstration कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं जिसमें प्रति Front Line Demonstration में 50 किसानों द्वारा भाग लिया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम में किसानों के लिए स्टेशनरी के सामान की व्यवस्था करने हेतु खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं।

| Sr. No. | Particulars | Specifications | Quantity per FLD (in nos.) | Total Quantity (in nos.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Writing Pad | Type-Rule, Size-(A5) or 22x13.5cm | 50 | 750 |
| 2. | Pen | Ball pen, Blue ink, Imm tip | 50 | 750 |

इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 04.08.2025 सांय 05 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर / ई-मेल (ihdcsundrah@gmail.com) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी द्वारा कुटेशन आकलन करने उपरांत सबसे कम मुल्य वाली कुटेशन फर्म को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केन्द्र की आकलन कमेटी के पास होंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह कार्यालय में दूरभाष न0 01285-244076, पर संपर्क करें।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच 1149/11/893/2026/37165/88/6 दि. 30.07.2025

## HORTICULTURE DEPARTMENT (HARYANA)

Demonstration cum Food Processing centre,
Old court road, near Yoga Aashram Sirsa
E-mail- ftsirsa@gmail.com

### सील्ड बंद कुटेशन सूचना

**प्रशिक्षण कार्यकमों के दौरान भोजन की व्यवस्था के लिए कुटेशन सूचना ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खाद्य प्रोद्यौगिकी प्रयोगशाला, सिरसा पर वर्ष 2025-26 में महिलाओं के लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यकमों के संचालन के दौरान भोजन की व्यवस्था के लिए निम्न विवरण अनुसार कुटेशन आंमत्रित है-

| क्रमांक | विवरण | खाद्य वस्तुए | दर (रूपये) | G.S.T | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दोपहर का भोजन | मटर पनीर या मिश्रित मौसमी सब्जी, दाल या राजमा, रायता या दही, चावल, चार चपाती, सलाद व दो पीस रसगुल्ला या गुलाब जामुन | | | |
| | | Total- | | | |

उपरोक्त कार्य के लिए इस कार्यालय में अनुबंध करने के इच्छुक फर्म उपरोक्त दिए गए विवरण अनुसार न्यूनतम दरें जी.एस.टी सहित मोहरबंद आवरण फर्म के लैटर हेड पर पूर्णतः भरे हुए सील्ड बंद लिफाफे में दिनांक 07.08.2025 सांयः 3:00 बजे तक दस्ती तौर पर उपरोक्त प्रर्फोमा अनुसार भरकर इस कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। फर्मों से प्राप्त सील्ड बंद कुटेशन दिनांक 08.08.2025 को कमेटी द्वारा खोली जाएगी। फर्म का रजिस्ट्रेशन न०, जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन न०, पैन न० व बैंक पासबुक की प्रति लगाना अनिवार्य है। कुटेशनों को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार खाद्य तकनीशियन, सिरसा के पास सुरक्षित होगा। कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा जांचने उपरांत पाई गई सबसे कम मूल्य वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। जिस फर्म की दरें न्यूनतम होगी, आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा। दरें वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए वैध रहेंगी। उपरोक्त प्रर्फोमा में दर्शाए गए सामान की गुणवत्ता निम्न स्तर की स्वीकार नहीं होगी। कुटेशन के विषय में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालय दिवस (सोमवार से शुकवार) पर सम्पर्क कर सकते हैं। अनुबंध से संबंधित शर्तें कार्यालय से प्राप्त करने उपरांत उस पर हस्ताक्षर करके कुटेशन के सार्थ कार्यालय में जमा करवानी होंगी। बिना शर्तों के कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

हस्ता/-खाद्य तकनीशियन,
सिरसा
पीआरडीएच-1149/11/891/2026/37143/88/6 दि. 30.07.2025



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 278 दिनांक 22.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - आकांक्षा
पिता/पति- पत्नी मनोज
पता - निवासी गांव खरकडा जिला रोहतक
उम्र- 22 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - साडी व पैरों में चप्पल पहने हुए है ।

दिनांक 22.07.25 को आकांक्षा पत्नी मनोज निवासी गांव खरकडा जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9728270142

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 223 दिनांक 27.07.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - विद्या
पिता/पति- पुत्री संसारदीप
पता - निवासी मकडौली टोल टैक्स रोहतक
उम्र- 16 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर।
पहनावा नीले रंग की टी शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट व नंगे पैर है।

दिनांक 27.07.25 को विद्या पुत्री संसारदीप निवासी मकडौली टोल टैक्स रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 7082400315

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 298 दिनांक 28.07.25 धारा 103(1), 238 (a), BNS थाना सांपला जिला रोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र लगभग 30 वर्ष ।
कद- लगभग 5 फुट 7 इंच।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर
पहनावा - स्लेटी रंग की शर्ट, नीले रंग की पैंट पहने हुए है।

दिनांक 28.07.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश WCDPO सांपला की लगती दीवार के साथ मिली है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सांपला रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 7082999219

पीआरडीएच-1084/11/3699/2026/37167/88/6 दि. 30.07.2025


# भाखड़ा-नंगल बांध का मुद्दा : पंजाब ने हरियाणा को भेजा बिल, बकाया 113.24 करोड़ रुपये का भुगतान करे सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

भाखड़ा-नंगल बांध के मुद्दे पर एक बार फिर पंजाब और हरियाणा आमने सामने होने जा रहे हैं। पंजाब प्रदेश की सरकार ने भाखड़ा नहर के संचालन और रख-रखाव से जुड़े बकाया खर्च के लिए हरियाणा की सरकार को 113.24 करोड़ का बिल भेजकर भुगतान के लिए कहा है। पंजाब सरकार की आंतरिक ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि हरियाणा ने वर्ष 2015-16 के बाद भाखड़ा नहर के संचालन और मरम्मत कामों के लिए पंजाब को कोई भुगतान नहीं किया है। पंजाब के जल संसाधन विभाग प्रमुख सचिव कृष्ण कुमार ने हरियाणा के सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर बकाया राशि के भुगतान करने के को कहा है। पत्र में लिखा है कि भाखड़ा मेन लाइन केनाल डिवीजन पटियाला के 103.92 करोड़ और मानसा केनाल डिवीजन जवाहर के के 9.32 करोड़ बकाया है। पंजाब के हिस्से से भाखड़ा नहर के मरम्मत कार्यों और संचालन का पैसा खर्च होता रहा है।

#### 12,455 क्यूसेक पानी की आपूर्ति

भाखड़ा नहर से कुल 12,455 क्यूसेक पानी की आपूर्ति होती है। इसमें से 7841 क्यूसेक (63 प्रतिशत) हरियाणा को, 3108 क्यूसेक (25 प्रतिशत) पंजाब, 850 क्यूसेक (7 प्रतिशत) राजस्थान, 496 क्यूसेक (4 फीसदी) दिल्ली को और 160 क्यूसेक (एक फीसदी) चंडीगढ़ को मिलता है। भाखड़ा नहर पंजाब से होकर गुजरती है इसलिए इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होती है।

# सभी गांवों में रोडवेज की बसें यात्रियों को सेवाएं देंगी : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रदेशवासियों को प्रत्येक गांव में बस सुविधा मुहैया करवाने की सौगात दी है और कहा है कि राज्य के सभी गांवों में हरियाणा रोडवेज की बसें यात्रियों को सेवाएं देंगी। विज ने बताया कि प्रत्येक गांव में ग्रामीणों को बस सुविधा मुहैया करवाने के लिए हरियाणा राज्य परिवहन के महानिदेशक द्वारा सभी महाप्रबंधकों को लिखित आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के ऐसे सभी गांवों में हरियाणा रोडवेज की परिवहन सुविधा प्रारंभ की जाएगी, जहां अभी तक हरियाणा रोडवेज की बस सेवा नहीं पहुंच पाई है ताकि प्रदेश के प्रत्येक गांव में सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी महाप्रबंधकों को कहा गया है कि व्यवहार्यता के अनुसार अपने संबंधित जिलों के प्रत्येक गांव में बस सेवा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित की जाए।

### किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त 2 को जारी होगी : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में किसानों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इसी कार्यक्रम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे।

### पीएम फसल बीमा योजना किसानों के साथ धोखाः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के साथ संगठित धोखा है। सरकार और बीमा कंपनियां मिली हुई है, जब किसान से बीमा के लिए प्रीमियम जमा करवाया जाता है तो मुआवजा देने में आनाकानी क्यों की जाती है और शर्तें थोंपकर किसान को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जाता है।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 17/2025** **प्रकाशन की तिथि : 31.07.2025**

आयोग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा में कृषि विकास अधिकारी (प्रशासनिक कैडर) (ग्रुप-बी) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-**

| पदों का नाम | सामान्य/ यूआर | एससी | | पिछड़ी श्रेणियां | | ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम (अनारक्षित) | पीडब्ल्यूबीडी (न्यून दृष्टि) | पीडब्ल्यूबीडी (श्रवण बाधित) | पीडब्ल्यूबीडी (लोकोमोटर अक्षमता अथवा सेरेब्रल पाल्सी) | पीडब्ल्यूबीडी (आईडी/ एमडी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओएससी | डीएससी | बीसी-ए (हरि. के नॉन क्रीमी लेयर) | बीसी-बी (हरि. के नॉन क्रीमी लेयर) | | | | | | | |
| कृषि विकास अधिकारी (प्रशासनिक कैडर) | 448 | 83 (5 बैकलॉग + 78 नये) | 84 (5 बैकलॉग + 79 नये) | 57 | 24 | 89 | 785 | 36 | 7 | 7 | 7 | 6 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 05.08.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 25.08.2025 अप. 05:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 25.08.2025 अप. 05:00 बजे तक
विस्तृत जानकारी के लिये, लॉग ऑन करें https://hpsc.gov.in

दिनांक : 30.07.2025
संवाद-1156/13/340/2026/37179/88/6 दि. 30.07.25

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 हिसार जिला (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 15 में 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) भोडिया बिश्नोइयान से धरनिया रोड आरडी 0.00 से 4.700 (रोड आईडी 10422) (II) भाना से खैरमपुर रोड आरडी 0.00 से 5.700 (रोड आईडी 12097) + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.08.2025 | 3637.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 हिसार जिला (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 2) में बालावास-दुबेटा-तलवंडी रूक्का रोड आरडी 0.000 से 11.200 तक (रोड आईडी 4766) रोड का मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 528.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | रतिया जिला फतेहबाद में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (ज्यूडिशियल ब्लॉक) में लिफ्ट का प्रावधान + 1 कार्य। | 29.07.2025 08.08.2025 | 45.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिला (रोड आईडी 4873) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) में हिसार बाईपास से गांव हिन्दवान मोड़ आरडी 3.700 से 11.000 तक हिसार बालासमंद रोड (एमडीआर-107) की 4 लेनिंग (डेकोरेटिव पोल सहित लाइट का प्रावधान केवल)। | 29.07.2025 11.08.2025 | 147.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (रोड आईडी 5266) 5.50 मी. से 10.00 मी. तक चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा हांसी उमरा सुल्तानपुर कंवारी रोड की विशेष मरम्मत (एचटी/एलटी लाइन्स की शिफ्टिंग केवल) (बकाया कार्य) + 2 कार्य। | 29.07.2025 07.08.2025 | 37.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लोनिवि विश्राम गृह के अतिरिक्त खण्ड में सब स्टेशन और डीजी सैट के लिए लाइटिंग अरेस्टर और शैड के साथ-साथ सम्बद्ध सामग्री का प्रावधान। | 30.07.2025 05.08.2025 | 2.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में इलैक्ट्रिक मीटर चेम्बर के सीटी/पीटी की खरीद के लिए निविदा। | 04.08.2025 11.08.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में ईंधन और रखरखाव सहित चालक के साथ एक ट्रैक्टर ट्रॉली को किराये पर लेने की निविदा। | 04.08.2025 17.08.2025 | ईएमडी 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में कॉफी शॉप के लिए ई-नीलामी के सम्बन्ध में। | 04.08.2025 19.08.2025 | ईएमडी 6,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 240200 भाकरा मेन ब्रांच पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.08.2025 | 2.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | 7.11- कलोई ब्लॉक व जिला झज्जर में श्री राम धर्मशाला में कमरे का निर्माण। | 28.07.2025 05.08.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर बिल्लोच ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण, जीएडी + 5 कार्य। | 29.07.2025 04.08.2025 | 220.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 13 | सिविल सर्जन, पानीपत | एनएचएम पानीपत के तहत मुद्रण सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रण। | 29.07.2025 08.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | http://haryanaeprocurement.gov.in | 9729745110 dampanipat@gmail.com |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | जल गैस और सीवरेज के लिए के-7 और के-9 श्रेणियों के 100 मिमी से 1200 मिमी डाया तक आकार के आईएसआई मार्क्ड सेंट्रीफ्यूगली कास्ट (स्पन) डक्टाइल आयरन प्रैशर पाइप्स का दो वर्षीय दर अनुबंध। | 31.07.2025 29.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | 05 वर्ष के लिए बीएस-IV एमिशन नॉर्म्स पूरा करने वाली 150 पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन मिनी बसों के एएमसी हेतु एजेंसी/फर्म को किराये पर लेने के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रण के लिए प्रस्ताव। | 30.07.2025 21.08.2025 | 27 करोड़ | http:www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/300/37195/I/88/6 दि. 30.07.25




# 5 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले गैंगस्टर भीम का एनकाउंटर

■ पुलिस ने ललकारा तो आरोपी ने शुरू कर दी फायरिंग ■ नोनी राणा गैंग से जुड़े बदमाश पर दर्ज थे छह से ज्यादा मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

यमुनानगर पुलिस ने बुधवार सुबह मुठभेड़ में 20 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर भीम को ढेर कर दिया। गैंगस्टर भीम पर हत्या का प्रयास, नशा तस्करी, अवैध हथियारों समेत आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज थे। हाल ही में आरोपी ने यमुनानगर में दो व्यापारियों के घर फायरिंग कर उनसे पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। गैंगस्टर भीम मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अयोध्या का रहने वाला था और फिलहाल यमुनानगर के आजाद नगर में रहता था। भीम नोनी राणा गैंग से जुड़ा हुआ था और यमुनानगर के आसपास क्षेत्र में सक्रिय था। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस को बुधवार तड़के सूचना मिली थी कि गैंगस्टर भीम बाइक पर रटौली खेड़ा रोड पर मौजूद है। सूचना मिलते ही सीआईए वन पुलिस टीम के इंचार्ज राजकुमार, सीआईए टू पुलिस टीम के इंचार्ज राकेश अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस को टीमों को देखकर आरोपी भागने लगा। मगर पुलिस टीमों ने उसे घेर लिया। इस दौरान खुद को बचाने के लिए आरोपी भीम ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली सीआईए वन के इंचार्ज राजकुमार व सीआईए टू पुलिस टीम के इंचार्ज राकेश को लगी। मगर उन्होंने बुलेट पुरफ जाकेट पहनी हुई थी। जिस कारण वह दोनों बाल-बाल बच गए। जबाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आरोपी पर फायर किया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पुलिस पर आठ से नौ राउंड फायर किए। जबकि पुलिस द्वारा आरोपी पर करीब 15 राउंड फायर किए गए। जिसमें से आरोपी को चार से पांच गालियां लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके से आरोपी पिस्टल, बाइक व गोलियों के खोल बरामद हुए। पुलिस आरोपी भीम को अस्पताल लेकर गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना के बारे मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है।



यमुनानगर। मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस।


यमुनानगर। मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी।


यमुनानगर। मुठभेड़ स्थल पर पड़ा पिस्तौल।

## ठेके पर फायरिंग व लूटपाट करने के दो आरोपी गिरफ्तार, एक भागा

**यमुनानगर।** शहर के तेजली खेल परिसर के पास शराब के ठेके पर फायरिंग करके करिंदे से नकदी लूट कर फरार हुए दो बदमाशों को पुलिस ने पुराना सहारनपुर रोड पर लगे नाके से गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी बदमाश मौके से भागने में कामयाब हो गया। इस दौरान आरोपी बदमाशों ने नाके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों के साथ हाथापाई की और उन पर फायरिंग करने का भी प्रयास किया। पकड़े गए दोनों आरोपियों पर करीब 18 अपराधिक जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे बाइक पर सवार होकर तीन बदमाशा तेजली खेल परिसर के पास शराब के ठेके पर पहुंचे। इस दौरान आरोपियों ने एक हवाई फायर किया। इसके बाद आरोपी बदमाश शराब के ठेके के अंदर घुस गए। आरोपी बदमाशों ने करिंदे से करीब 90 हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद आरोपी बाइक पर बैठकर फरार हो गए। इस दौरान पुलिस द्वारा जिले में लगाए गए सभी नाकों पर पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। रात को पुराना सहारनपुर रोड पर लगे पुलिस नाके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों को एक बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। आरोपियों ने रोकने पर पुलिस से हाथापाई शुरू कर दी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जगाधरी निवासी पंकज व मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश निवासी गौरव के रूप में हुई। एक आरोपी फरार हो गया।

## एचटेट देने जा रही अभ्यर्थी की कार ने उपायुक्त की गाड़ी को टक्कर मारी

**चरखी दादरी।** एचटेट की परीक्षा देने जा रही एक अभ्यर्थी की गाड़ी ने उपायुक्त मुनीश शर्मा की गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बावजूद मानवीयता दिखाते हुए उपायुक्त ने उस अभ्यर्थी और उनके पति को तुरंत परीक्षा भेज दिया।बुधवार को उपायुक्त एचटेट के परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के लिए निकले थे। मोडी गांव के समीप एक कार ने उपायुक्त की गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी दी। उपायुक्त की गाड़ी का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगते ही चालक ने गाड़ी रोक दी। उपायुक्त मुनीश शर्मा भी गाड़ी से उतरे और गाड़ी चालक से बातचीत की। कार चालक ने बताया कि वह पत्नी को एचटेट परीक्षा दिलाने जा रहा है और फोन पर परीक्षा केंद्र की लोकेशन देखने के कारण ध्यान भटका और हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि वे रानीला गांव से मोडी स्थित सीबीएस स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर पेपर के लिए जा रहे थे। उपायुक्त ने उन्हें शुभकामनाओं सहित परीक्षा केंद्र के लिए रवाना कर दिया। उपायुक्त ने कहा कि वाहन चलाते समय भविष्य में फोन का प्रयोग ना करें।

**उपायुक्त ने शुभकामनाएं देकर किया रवाना**




## दुकान का ताला तोड़कर 20 आईफोन चोरी

**जींद।** बाल भवन रोड पर मंगलवार रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर रिपेयरिंग के लिए आए 20 आईफोन को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर नौ निवासी ललित से पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बाल भवन के निकट मोबाइल फोन की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर 20 रिपेयरिंग के लिए आए आईफोन तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह दुकान पर आया।

## हिसार से माओवादी गतिविधियां चला रहा युवक काबू, एनआईए को सौंपा

■ प्रियांशु से आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**हिसार।** हिसार पुलिस की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने शक के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रियांशु कश्यप निवासी ग्राम मांझीगुड़ा, छत्तीसगढ़ हाल ग्राम लाखन माजरा, रोहतक बताया। पुलिस को उसके पास से कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। जिनसे पता चला कि माओवादी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने की साजिश से संबंधित मामले में वह एनआईए से बचता छिप रहा है। उक्त के सम्बन्ध में एनआईए, लखनऊ को सूचित किया गया। सूचना पर लखनऊ की एनआईए टीम हिसार पहुंची और उससे पूछताछ की। उपरोक्त व्यक्ति के पास से मोबाइल फोन सहित आपत्तिजनक सामग्री वाले दस्तावेज बरामद किए है। यह मामला प्रतिबंधित माओवादियों के कमजोर पड़ते प्रभाव को फिर से बढ़ाने की साजिश से संबंधित है। इनका मुख्य एजेंडा उपरोक्त राज्यों में कार्यकर्ताओं की भर्ती करना और संगठन को फिर से मजबूत करना था। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी प्रियांशु कश्यप माओवादी संगठन का सदस्य है। मामले में जांच के लिए आरोपी को एनआईए को सौंपा गया है।

## मरते दम तक निभाया साथ, पत्नी के जाने के बाद आधे घंटे बाद छोड़ दी दुनिया

**रेवाड़ी।** साथ जीने-मरने की कसमें तो बहुत खाई जाती हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा कम देखने को मिलता है। पीथनवास गांव में बुधवार सुबह आधे घंटे के अंतराल में दंपति के प्राण त्यागने की घटना ने उनके प्रेम को अमर बना दिया। 90 साल की पत्नी के दुनिया को अलविदा कहने के आधे घंटे बाद ही पति ने भी दुनिया छोड़ दी। गांव निवासी 90 वर्षीय सूरजी देवी और उनके पति 93 वर्षीय दलीप सिंह का भरा पूरा परिवार है। बुधवार सुबह उनकी पुत्रवधु सास-ससुर को चाय देने के लिए गई थी। फूलसिंह चाय लेकर कमरे से बाहर आ गए, जबकि सूरजी देवी ने चाय लेने से मना कर दिया। उनकी पुत्रवधु कुछ देर बाद फिर से चाय की पूछने के लिए गई, तो सूरजी देवी बिस्तर पर आंख बंद किए लेटी हुई थीं। सूरजी देवी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसी दौरान पुत्र फूलसिंह मां को उठाने के लिए कमरे में दाखिल हुए। आवाज लगाने के बाद भी सूरजी देवी ने कोई जवाब नहीं दिया, तो बेटे को संदेह हो गया। गांव के ही एक डॉक्टर को बुलाया गया, जिसने सूरजी देवी को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद सूरजी देवी के पति दलीप सिंह को उनकी मौत के बारे में बताया, तो दलीप सिंह खामोश होकर कुर्सी पर बैठे रहे। लगभग आधे घंटे बाद दलीप सिंह ने भी कुर्सी पर बैठे-बैठे अंतिम सांस ली।


दलीप सिंह


सुरजी देवी



## चिंतन

# टैरिफ का फैसला मनमाना दबाव में नहीं आएगा भारत

भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एकतरफा ऐलान जहां मनमाना फैसला है, वहीं यह नई दिल्ली पर दबाव बनाने की टैक्टिस भी है, ताकि ट्रेड वार्ता में भारत को झुकाया जा सके। भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ दर को लेकर अब तक पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी दल भारत आएगा। इससे पहले अमेरिका का टैरिफ लगाने का ऐलान रणनीतिक रूप से भी सही नहीं है। दोनों देश अपने-अपने हितों को देखते हुए व्यापार वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका जिस तरह की रियायत कृषि व डेयरी उत्पादों पर चाहता है, वह भारत के लिए देना संभव नहीं है। यह बात भारत पहले बता चुका है। एक विकसित राष्ट्र का अनुचित रियायत मांगना अमेरिकी कमजोरी को दर्शाता है। भारत श्रम प्रधान क्षेत्रों पर विशेष रियायत चाहता है, इस पर ट्रेड वार्ता में बात चल रही है। 25 फीसदी टैरिफ का फौरी तौर पर भारत के पेट्रोलियम, फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मोती-महंगे पत्थर, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल्स, जूते, इलेक्ट्रानिक मशीनरी व उपकरण आदि के निर्यात पर असर पड़ेगा। ये सामान अब अमेरिका में महंगे हो जाएंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगाई से प्रभावित होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के रूस से व्यापार पर 'चिल्ल-पों' करते हुए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया है, लेकिन यह धमकी भारत के व्यापार करने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत किसी भी देश से व्यापार करने के लिए स्वतंत्र है, इस पर अमेरिका निर्देशित नहीं कर सकता है। अमेरिका अगर रूस व यूक्रेन जंग खत्म करना चाहता है, तो उसको पहले यूक्रेन को आर्थिक व सामरिक मदद करना बंद करना चाहिए। टैरिफ के जरिये अमेरिका का दोहरा मानदंड नहीं चलेगा। अतीत में भी अमेरिका ने पोखरण परमाणु विस्फोट पर भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया था, जो बेअसर रहा था। भारत के लिए अमेरिका कभी भी रूस की तरह मित्र देश नहीं रहा है, वह पाकिस्तानपरस्त रहा है, यह 1971 में भी दिखा और अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी दिखा। अमेरिका के भारत से रिश्ते ज्यादातर व्यापारिक रहे हैं। भारत बड़ा बाजार व खरीदार है, इसलिए अमेरिका ने 21वीं सदी में नई दिल्ली की तरफ झुकाव बढ़ाया है। भारत यह बात भलीभांति जानता है। राष्ट्रपति ट्रंप को एहसास है कि आयातक देशों पर अधिक शुल्क लगाकर अमेरिका अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था में जान फूंक सकेगा, लेकिन यह अवधारणा ही गलत है। ग्लोबल ट्रेड पर तात्कालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन वह जल्द ही नया रूप ले लेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से वैश्विक स्तर पर भारत, चीन, रूस, ब्राजील जैसे देश गोलबंद होंगे, जो अमेरिका की नाक में दम कर देंगे। अभी अमेरिकी टैरिफ भारतीय जीडीपी को 0.19 फीसदी व रुपये की कीमत को प्रभावित कर सकता है। नई टैरिफ दर के बाद अमेरिकी बाजार कनाडा, मेक्सिको, यूरोपीय संघ (ईयू), जापान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के लिए मुफीद होंगे, जबकि चीन, ब्राजील व भारत के लिए कठिन होंगे। भारत का घरेलू बाजार बहुत मजबूत है और वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2.4 फीसदी है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ बम से भारतीय जीडीपी बेअसर रहेगा। विदेशी मुद्रा भंडार पर अस्थायी असर पड़ सकता है। भारत को अपने निर्यात बढ़ाने के लिए ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जापान, खाड़ी देश, यूरेशिया, अफ्रीकी संघ व आसियान देशों जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, नए एफटीए करना चाहिए और अमेरिका के सर्विस सेक्टर पर नए तरीके से जवाबी टैरिफ दर के बारे में सोचना चाहिए।

## उपन्यास सम्राट

कृष्ण प्रताप सिंह



# नवाबराय को गोरी सत्ता की कुदृष्टि ने बनाया 'प्रेमचंद'

सोज़े वतन मुंशी प्रेमचन्द का पहला कथा संग्रह है। हालांकि यह तब प्रकाशित हुआ था, जब वे न प्रेमचंद बने थे और न हिंदी के लेखक। तब वे नवाबराय नाम से उर्दू में लिखा करते थे और 'सोज़े वतन' में शामिल 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' शीर्षक कहानी भी, जिसे उनकी पहली कहानी माना जाता है, उनके इसी नाम से छपी थी। हालांकि उनका माता-पिता का दिया नाम धनपतराय था। जानकार बताते हैं कि 1908 में 'सोज़े वतन' के प्रकाशित होते ही गोरी सरकार हिल उठी थी और उसका डर इस सीमा तक बढ़ गया था कि उसकी सारी प्रतियां जलवा देने पर भी नहीं घटा था। तब उसने उन्हें (यानी नवाबराय को) आगे कुछ भी लिखने से सख्ती से मना कर दिया था। उस वक्त उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि उसकी यह मनाही एक दिन हिंदी का सौभाग्य बन जाएगी और नवाबराय को प्रेमचंद बनाकर उसकी गोद में डाल देगी। उसकी मनाही नहीं होती तो बहुत संभव था कि वे नवाबराय बने रहकर उर्दू की दुनिया में ही रमते रहते, हिंदी का रुख ही नहीं करते और हिंदी अपने उपन्यास सम्राट से वंचित रह जाती।

बहरहाल, सोज़े वतन (जिसका अर्थ देश का मातम है) की बात करें तो इसमें कुल पांच कहानियां हैं : दुनिया का सबसे अनमोल रतन, शेख मखमूर, यही मेरा वतन है, शोक का पुरस्कार और सांसारिक प्रेम। कानपुर के बहुचर्चित जमाना प्रेस (जहां से मुंशी दयानारायण निगम के सम्पादन में इसी नाम का उर्दू का पत्र भी प्रकाशित होता था और नवाबराय उसके नियमित लेखक थे) से इसके प्रकाशित होते ही ये पांचों कहानी खासी चर्चा में आ गई थीं। इनकी चर्चा जिले के अंग्रेज कलेक्टर तक पहुंची तो उसने उनको गोरी सत्ता के विरुद्ध बगावत भड़काने का प्रयास करार देकर प्रेमचंद को फौरन अपने सामने पेश होने का आदेश दिया और पेश होने पर बहुत रुखाई से कैफियत तलब की। इतना ही नहीं, उसने संग्रह की जितनी भी प्रतियां छापी गई थीं, सब जलवा देने का आदेश दिया। उन्हें कड़ी चेतावनी दी कि आगे ऐसा कुछ भी लिखने की गुस्ताखी न करें। वहीं, धमकाने के अंदाज में यह तक कहने से भी गुरेज नहीं किया कि 'गनीमत समझो कि तुम अंग्रेजों के राज में रह रहे हो। अन्यथा इन कहानियों में तुमने जिस तरह बगावत भड़काने की कोशिश की है, उसके बदले में तुम्हारे दोनों हाथ काट लिये जाते।' प्रेमचंद की पत्नी शिवरानी देवी में अपनी बहुपठित व प्रशंसित पुस्तक 'प्रेमचंद घर में' में इसका ऐसा पारदर्शी वर्णन किया है, जिसमें एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी लेखक के रूप में प्रेमचंद का संघर्ष तो दिखता ही है, उनकी दुविधा, उलझन और लेखक-धर्म के प्रति निष्ठा भी दिखाई देती है। इस वर्णन के अनुसार शिवरानी से उनकी शादी के एक वर्ष बाद कहानी-संग्रह 'सोज़े वतन' प्रकाशित हुआ तो उस पर मुक़दमा भी चला। उन्हीं के शब्दों में : हम लोग महोबा में थे। वहां भी खुफ़िया पुलिस पहुंची। उसके बाद उनको (प्रेमचंद को) कलक्टर की आज्ञा मिली कि आकर मुझसे मिलो। रात भर बैलगाड़ी पर चलने के बाद आप (वे) 'कुलपहाड़' (जगह का नाम) पहुंचे। आप (वे) उसी दिन घर आने वाले थे। जब दूसरे रोज़ मेरे पास पहुँचे तो मैंने पूछा—'कल आप कहाँ रह गए थे?' आप (वे) बोले- 'सोज़े वतन' के सिलसिले में सरकार ने मुझे बुलाया था। वह बोला.. तुम्हारे पास जितनी कॉपियां हों, उन्हें मेरे पास भेज दो और आइंदा फिर कभी लिखने का नाम भी मत लेना। जब शिवरानी ने पूछा कि क्या अब आगे उनका लिखना बंद ही समझें, तो उनका जवाब 'नहीं' में था।

वे बोले थे-लिखूंगा क्यों नहीं? अपने भीतर के कथाकार को अकाल मौत से बचाने के लिए अब उनके पास नवाबराय नाम को तिलांजलि देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। क्योंकि इस नाम से लिखते तो कलेक्टर के हुक्म की अवज्ञा होती और उसके बाद गोरी सरकार का कोप जानें कितना और बढ़ जाता। किसी नये नाम से लिखने के विकल्प पर विचार करते हुए वे किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पा रहे थे। उन्हीं दिनों उर्दू 'जमाना' के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उनको सुझाया कि आगे वे नवाबराय के बजाय प्रेमचंद नाम से साहित्य-सृजन करें तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रह गया। यह सुझाव उन्हें इतना रुचिकर लगा कि उन्होंने नवाबराय को प्रेमचन्द बनाने में तनिक भी देर नहीं की। साथ ही वे उर्दू से हिन्दी में आ गये और अपने योगदान से उसे निहाल करने लग गये। 1936 में उनके निधन से कुछ ही दिनों पहले उनकी आखिरी कहानी 'कफन' प्रकाशित हुई थी और उससे पहले ही उन्होंने हिंदी कथासाहित्य को इतना समृद्ध कर दिया था कि सुप्रसिद्ध बांग्ला कथाकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें 'उपन्यास सम्राट' की उपाधि से नवाज दिया था।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# देश से विदेश तक प्रेमचंद का असर



## जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

यह सोच कर ताज्जुब होता है कि शताब्दी पहले गुलामी के दिनों में भी तमाम भारतीय साहित्यकारों की रचनाएं विदेशियों के लिए कौतुहल का विषय क्यों बनीं? पता चला कि हिंदी के विश्वप्रसिद्ध लेखकों, कवियों और पत्रकारों की कालजयी रचनाओं का असर महज भारत तक ही सीमित नहीं रहा है बल्कि शताब्दी पहले रूसी, जर्मनी, फ्रांसीसी, चीनी, हंगेरियन सहित दुनिया के तमाम हिंदी प्रेमियों व अंग्रेज हिंदी प्रेमियों का जब भारत आना-जाना हुआ और तत्कालीन हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं से वे रूबरू हुए, तब वे हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं के मुरीद हुए। इनको पढ़कर वे प्रभावित हुए और अपने देश लौटकर उनका अनुवाद किया। तब से ही वहां के विश्वविद्यालयों में उन पर शोध भी होने शुरू हुए।

जिन हिंदी साहित्यकारों को सबसे ज्यादा लोकप्रियता विदेशों में हासिल हुई उनमें कबीर, तुलसीदास, सूरदास, भारतेन्दु हरिश्चंद, जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत के अलावा गद्य लेखकों में मुंशी प्रेमचंद सबसे ज्यादा लोकप्रिय और पसंद किए गए। मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। विदेशियों की भारतीय साहित्य व समाज के बारे में सोच में बदलाव हिंदी के साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ने के बाद आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। गुलाम भारत में उस वक्त अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा, समाज में फैले पाखण्ड, अंधविश्वास, कुरीतियों एवं गंदी प्रथाओं को खत्म करने के लिए तमाम आंदोलन चलाए जा रहे थे। इन आंदोलनों में आर्यसमाज का असर समाज पर सबसे ज्यादा पड़ रहा था। प्रेमचंद की लेखनी में भी आर्य सामाजिक क्रांति का असर गहराई से देखा जा सकता है। भारतीय समाज के तत्कालीन हालात, प्रवृतियों और समस्याओं को प्रेमचंद ने अपने लेखन का विषय बनाया, वे महज भारतीय समाज की दिशा-दशा नहीं थी बल्कि दुनिया के उन सभी देशों की भी थी, जहां अंग्रेजों की हुकूमत थी। शायद यही वजह है कि प्रेमचंद विदेशों में भी उतने ही पसंद किए गए जितने की भारत में। पिछले सौ वर्षों में प्रेमचंद जितना सम्मान एशिया, यूरोप, अफ्रीकी देशों और अमेरिका के पड़ोसी देशों में पा रहे थे, वहां आज भी उसी तरह का मान-सम्मान अपनी रचनाओं के जरिए पा रहे हैं। जापान में हिंदी प्रचारक प्रो. क्यूमा दोई ने 1955 ई. में 'गोदान' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। इसी तरह प्रो. साबा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। जापान में इसे भारतीय साहित्य का पहला अनुवाद माना जाता है। प्रो. केइचि नियामोतो एवं प्रो. ताइगेन हाशियोतो की मदद से 'दो बैलों की कथा', 'बड़े भाई साहब', 'पूस की रात', 'नशा' जैसी अनेक लोकप्रिय कहानियों का जापानी में अनुवाद किया। सुश्री तामाकि मात्सुओगा ने ईदगाह का अनुवाद किया। प्रो. तेइजि सकाता ताकुसोक ने 1967 ई. में 'गोदान' में प्रेमचंद की पद्धति एवं शैली' तथा 1968 ईं. में 'प्रेमचंद की कहानियों



में शिल्पविधि का विकास' लेख लिखा। इसके अलावा प्रो.कोउकि नागा ने 'प्रेमचंद तथा गांधीवाद' विषय पर शोध किया। वहीं, इशिदा हिदेआकी ने प्रेमचंद के साहित्य में छुआछूत पर किया गया कार्य, मुराकामी योशियाकी द्वारा प्रेमचंद साहित्य का संकलन, श्रीमती कुरू ने मृतक भोज, ठाकुर का कुआं, पूस की रात, दूध का दाम, सद्गति आदि कहानियों का जापानी भाषा में अनुवाद किया।

इसी तरह यूक्रेनी भाषा के महान रचनाकार ए.पी वारान्निकोव ने प्रेमचंद की रचनाओं को सर्वग्राही बताते हुए लिखा है-'प्रेमचंद की रचनाओं में असली भारत के दर्शन होते हैं।' उन्होंने उनकी भाषा-शैली की खासियत को बताते हुए लिखा-''प्रेमचंद न केवल श्रेष्ठ और नई जीवनशैली के धनी हैं, जिसे उन्होंने सबसे पहले अपनाया है, बल्कि भारतीय साहित्य के लिए एक नई विधा-सामाजिक कहानी में, जिसमें सामाजिक तत्त्वों को बड़ी मनोवैज्ञानिक गहनता से उभारा गया है।'' एशिया के देशों खासकर चीन में प्रेमचंद की कहानियों का चीनी भाषा में 1956 ई. में अनुवाद का काम शुरू किया गया। इन चीनी अनुवादकारों में प्रमुख हैं'-श्वेड. चेन, फू. सुन, चिड. चओ, थ्वान तिड., प्रो. ल्यू. ऑन ऊ, तथा नी पेनकिन। प्रो. ल्यू आन ऊ ने सबसे ज्यादा अस्सी कहानियों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीनी अनुवादकों ने प्रेमचंद की 200 कहानियों का अनुवाद किया। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रूस की तरह ही चीनी हिंदीप्रेमियों ने भी प्रेमचंद को महत्वपूर्ण लेखक मानते हुए उनकी तमाम रचनाओं का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीन में प्रेमचंद की लोकप्रियता के बारे में प्रो. ल्यकोनान ने लिखा है-''मुक्ति के पहले तो हिंदी साहित्य का लोग नाम भी नहीं जानते थे। पर अब तक प्रेमचंद के गोदान, रंगभूमि, निर्मला, गबन, कर्मभूमि आदि का अनुवाद हो चुका है, जो छपते ही हाथोंहाथ बिक गए। दुनिया के उन देशों में भी प्रेमचंद के साहित्य को पसंद करने वाले हैं जहां भारतीयों की तादाद बहुत कम है। डॉ. पी.वी ग्लादीशेव रूस के पहले विद्वान थे जिन्होंने इंदीस्काया दिरेव्या व त्वोरचेस्त्वे प्रेमचंदा (प्रेमचंद के कृतित्व में भारतीय ग्राम) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। इसी तरह डॉ. विक्टर ई. वालिन ने भी प्रेमचंद नावेलिस्ट (उपन्यासकार प्रेमचंद) विषय पर खास तवज्जो देते हुए शोध किया, जिस पर लेनिनग्राद विश्वविद्यालय से उन्हें 1956 में डॉक्टरेट की डिग्री मिली। उन्होंने गोदान, निर्मला, प्रेमाश्रय पर भी विवेचनात्मक अध्ययन किया। इसके अलावा लाहौर से प्रकाशित पत्रिका 'सोजे वतन' के आधार पर प्रेमचंद पर एक दिलचस्प लेख 'प्रेमचंद के सृजन-पथ की शुरुआत और सोजे वतन कहानी संग्रह' लिखा था, जो 1962 ई. में मास्को से प्रकाशित किताब 'सेब्रेमेन्नाया इन्दीस्काया प्रोजा' (आधुनिक हिंदी भारतीय गद्य) में संकलित है।

प्रेमचंद उन कालजयी रचनाकारों में हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए लोगों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित किया। विदेशों में भी प्रेमचंद के साहित्य का अनुवाद खूब हुआ, लेकिन मूलभाषा में पढ़ने का मज़ा कुछ और ही होता है, इस नजरिए से विदेशों में भी लोगों ने हिंदी सीखी। डॉ.मारग्रेट गात्सलाफ का निर्मला और कई कहानियों का जर्मन में रूपांतरण और प्रो.लोठार लुत्से द्वारा डा. कमल किशोर गोयनका के सहयोग से प्रेमचंद साहित्य पर किया गया कार्य काबिलेगौर है। लघु भारत कहे जाने वाले मॉरीशस में प्रेमचंद के चहेतों की लम्बी सूची है। आज दुनिया के तकरीबन सौ से ज्यादा देशों में प्रेमचंद वहां के चहेते विदेशी लेखकों में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

( लेखक साहित्यकार व संस्कृतिवेत्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# राम सब घट मेरा साइयां



संकलित

## दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

# भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित

## प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों से लोग हलाकान

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

*– चेतन वर्मा, रायपुर*

## ट्रेंड

### पवित्र अवशेष



यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के बाद स्वदेश वापस लाए गए हैं। ये हमारी गौरवशाली संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बुनियादी सुविधाओं का लाभ



ईएचएन और आरयूसीए अधिनियम के माध्यम से, हम लोगों को अपने घरों को नियमित करने और बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने में सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, हम भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैधता को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-डा. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### मानदेय राशि में वृद्धि



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### सत्ता के करीबी



ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था क्या ऐसे ही बनेगी? लोन न चुका पाने पर ग़रीब की पत्नी को तो बैंक वाले बंधक बना रहे हैं लेकिन सत्ता के करीबी जो लोग बैंकों का खरबों लेकर विदेश भगा दिये, उनका क्या?

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान में पर्यटकों का महिलाएं कर रहीं नेतृत्व



अफगानिस्तान में तालिबान की सख्ती के बीच एक महिला गाइड यहां स्थित संग्रहालय में आने वाली महिला पर्यटकों के समूहों का नेतृत्व कर रही हैं और संग्रहालय के बारे में बारीकी से जानकारी दे रही हैं। पर्यटकों का अपनी गाइड के साथ चलना और संग्रहालय के बारे में दी जा रही जानकारी को ध्यान से सुनना एक अनूठा अनुभव देता है, जहां तालिबान शासन ने लड़कियों और महिलाओं के शिक्षा ग्रहण करने और काम करने पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हुई हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले विदेशियों के समूह में केवल महिलाएं हैं, गाइड भी एक महिला ही थी। सोमाया मोनिरी (24) को यह नहीं पता था कि पर्यटक गाइड जैसा भी कोई पेशा होता है। लेकिन, अपनी अंग्रेजी भाषा सुधारने में मदद के लिए इंटरनेट पर खोज करते हुए, उनकी नजर 'काउचसर्फिंग' पर पड़ी, एक ऐसा ऐप जिसके जरिए यात्री स्थानीय लोगों से जुड़ सकते हैं और उनके घरों में रह सकते हैं। मोनिरी बताती हैं, 'एक पर्यटक की मेजबानी करने के बाद, मुझे इसमें बहुत रुचि हो गई और यह मेरे लिए बेहद दिलचस्प था। यह बहुत अनोखा था। मैंने इसके बारे में पहले कभी नहीं सुना था, इसलिए मैंने सोचा – क्यों न ऐसा किया जाए?'

## ऑफ बीट

# एआई एजेंट ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने में सक्षम



हम कृत्रिम मेधा (एआई) के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। पहले दौर में चैटबोट आए। उसके बाद 'एआई असिस्टेंट' (सहायक) ने दस्तक दी। अब हमारे बीच 'एआई एजेंट' हैं, जो ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने की क्षमता रखते हैं और 'टीम' बनाकर या 'टूल'' का इस्तेमाल करके जटिल कार्यों को पूरा कर सकते हैं। 'ओपनएआई' का 'चैटजीपीटी' एजेंट सबसे नवीनतम और चर्चित उत्पाद है। डेवलपर के अनुसार, यह पहले से मौजूद दो उत्पादों (ऑपरेटर और डीप रिसर्च) को मिलाकर ऐसा शक्तिशाली 'सिस्टम' बनाता है, जो 'अपने दम पर सोच-समझकर काम करता है। ये नये 'सिस्टम' पहले के 'एआई टूल' से एक कदम आगे हैं। लेकिन यह जानना भी जरूरी होता जा रहा है कि वे कैसे काम करते हैं और क्या कर सकते हैं, साथ ही उनकी कमियां और जोखिम क्या हैं। चैटजीपीटी ने नवंबर 2022 में चैटबोट युग की शुरुआत की, लेकिन इसकी अपार लोकप्रियता के बावजूद इसका बातचीत आधारित 'इंटरफेस' इस प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को सीमित कर रहा था। इसके बाद 'एआई असिस्टेंड' या 'को-पायलट' काल की शुरुआत हुई। ये उसी 'जनरेटिव एआई मॉडल' पर आधारित 'सिस्टम' हैं, जिन पर 'चैटबोट' काम करते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ओवल में आज महामुकाबला, नए शिखर पर पहुंचेगी भारत-इंग्लैंड की टक्कर

# बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में भारत दे सकता है इंग्लैंड को 'फाइनल पंच'

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं कुछ हद तक बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी ओवल टेस्ट में आराम दिया गया है। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान और बेहतरीन आलराउंडर स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं।



### बुमराह नहीं खेलेंगे पांचवा टेस्ट, आकाशदीप की हो सकती है एंट्री ?

**लंदन।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर में दर्द के कारण चौथे टेस्ट से बाहर रहे आकाश दीप को अंतिम एकादश में बुमराह की जगह शामिल किया जा सकता है।

### कप्तान स्टोक्स बाहर, इंग्लैंड की कमान संभालेंगे पोप

**लंदन।** चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और प्रमुख तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ गुरुवार से



शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में नहीं खेलेंगे और इंग्लैंड ने निर्णायक टेस्ट में अपनी एकादश में तीन बदलाव किए हैं। मेजबान टीम श्रृंखला में 2.1 से आगे है। स्टोक्स की गैर मौजूदगी में ओली पोप इंग्लैंड की कमान संभालेंगे। स्टोक्स ने टीम की मोर्चे से अगुवाई करते हुए 17 विकेट लिए और 304 रन भी बनाए हैं। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा,' कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। स्पिनर लियाम डॉसन, तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स भी नहीं खेलेंगे।'' ईसीबी ने कहा,' इंग्लैंड ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले जैकब बेथेल, सर्रे के गेंदबाज गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन, नॉटिंघमशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को टीम में शामिल किया है।'

# मकाऊ ओपन : लक्ष्य, आयुष, तरुण क्वार्टर फाइनल में, करुणाकर-उन्नति का सफर समाप्त

शेट्टी ने हुआंग को केवल 31 मिनट में हराकर बाहर का दिखाया रास्ता



**मकाऊ।** भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21.8, 21.14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



### ध्रुव और तनिषा की जोड़ी आगे बढ़ने में सफल

*लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं तरुण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।*

### करुणाकरण का सफर समाप्त

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21.18, 15.21, 15.21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई। वहीं टी. हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंबाम को थाईलैंड के फुवानात एच और फुंगफा के ने 21.11, 21.14 से हराया।

### उन्नति नहीं बढ़ पाई आगे

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी। अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21.16, 21.10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमशः 21-18, 21-14 और 21-14, 21.16 से हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए। अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने 23-21, 21-11 से हराया।

अंडर-17 विश्व कुश्ती

# हरदीप बने ग्रीको-रोमन वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन



एजेंसी ▶▶ एथेंस

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 11 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में गोल्ड जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यजदान रजा डेलरूज को क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया।

- फाइनल मुकाबले में ईरान के यजदान रजा को हराया

### क्वालिफिकेशन राउंड में बाकतुर को हराया

*हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखिस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस योरास्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में हरदीप ने तुर्किए के एमरूल्लाह कापकान को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः ऐतिहासिक गोल्ड पदक अपने नाम किया। हरदीप की ये जीत भारत के युवा कुश्ती प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा है।*

### महिला एथलीट्स को जेंडर टेस्ट कराना होगा वरना वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं खेल सकेंगी

**मोनाको।** महिला एथलीट्स को अब जीवन में एक बार जेंडर टेस्ट कराना जरूरी हो गया है। इसके लिए बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने एसआरवाई जीन टेस्ट लागू किया है। जो खिलाड़ी इस टेस्ट से नहीं गुजरेगी, वह वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेगी। यह कानून बीते सालों में जेंडर चेंज कराके महिला बनकर कॉम्पिटिशन में उतरने वाली खिलाड़ियों को रोकने के लिए बनाया गया है। ये नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा। 13 सितंबर से टोक्यो में होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला एथलीट्स इस टेस्ट को पास किए बिना भाग नहीं ले सकेंगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अनुसार, यह टेस्ट लाइफ में एक बार ही कराना होगा। गाल से स्वैब या ब्लड सैंपल के जरिए टेस्ट होगा, जिससे खिलाड़ी के जेंडर की पहचान होगी। एक साल पहले पेरिस ओलिंपिक के दौरान बॉक्सिंग में भी जेंडर विवाद हुआ था। तब अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खलीफ पर पुरुष होने के आरोप लगे थे। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने यह कहकर मुकाबला छोड़ दिया था कि मुझे पुरुषों से भिड़ा दिया गया है।

# संघर्ष के बाद कोको गॉफ की जीत पहले राउंड में फर्नांडीज बाहर

**मॉन्ट्रियल।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में



जगह बनाई लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई। फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की। गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।



# 5 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरें उठीं, अमेरिका के अलास्का-हवाई-कैलिफोर्निया तक पहुंचीं चेतावनी

## रूस में आया दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप

एजेंसी ⏭ मास्को

रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप से जापान के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं।


रूस के सेवेरो-कुरिल्स्क शहर का तटीय इलाका पानी में डूब गया।


जापान ने अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली करा लिया।

**भूकंप से कोई हताहत नहीं**

भूकंप से अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंची। कैलिफोर्निया में लोगों को समंदर के किनारे से दूर रहने की चेतावनी दी। चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, पेरू और मेक्सिको ने भी अपने तटीय इलाकों में सुनामी अलर्ट जारी किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मजबूत इमारतों और अलर्ट सिस्टम की वजह से बड़ा नुकसान नहीं हुआ।


रूस के कामचटका में एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा।


जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में लोग घरों से बाहर आ गए।

---

### दुनिया के सामने यूएनएससी की रिपोर्ट से पाकिस्तान हुआ बेनकाब

# टीआरएफ ने पहलगाम हमले की पहले तस्वीर पोस्ट की, दो बार ली जिम्मेदारी

**हमला पाक के एलईटी के समर्थन के बिना संभव नहीं**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन घोषित किए जाने पर बड़ा खुलासा किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध निगरानी टीम ने कहा है कि द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की दो बार जिम्मेदारी ली थी और पहलगाम हमला स्थल बैसरन घाटी की फोटो पोस्ट की थी। टीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह हमला पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन के बिना संभव नहीं था। एलईटी और टीआरएफ के बीच संबंध थे। यूएनएससी में आईएसआईएल (दाएश), अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों की निगरानी करने वाली टीम ने 36वीं रिपोर्ट पेश की। इसमें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि हमले की जिम्मेदारी उसी दिन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि 26 अप्रैल को टीआरएफ ने अपना दावा वापस ले लिया।

**मदरसों में बच्चों को आत्मघाती विचारधारा सिखा रहे**



#### टीटीपी के पास 6 हजार लड़ाके

रिपोर्ट में कहा गया कि अफगानिस्तान में अलकायदा के कई प्रशिक्षण स्थल होने की सूचना मिली है। साथ ही तीन नए स्थलों की पहचान की गई है। छोटे और अल्पविकसित होंगे। इन जगहों पर कथित तौर पर अलकायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) दोनों के लड़ाकों को प्रशिक्षण दिया जाता था। टीटीपी के पास लगभग 6,000 लड़ाके थे और उसे अफ़गानिस्तान में अधिकारियों से लगातार पर्याप्त रसद और संचालनात्मक सहायता मिलती रही। कुछ सदस्य देशों ने बताया कि टीटीपी ने आईएसआईएल-के के साथ सामरिक स्तर के संबंध बनाए रखे थे। टीटीपी ने इस क्षेत्र में लगातार बड़े हमले किए।

#### दो हजार लड़ाकों की भर्ती जारी

रिपोर्ट में कहा है कि आईएसआईएल-के मध्य और दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है। लगभग दो हजार लड़ाकों के साथ आईएसआईएल-के (इस्लामिक स्टेट खुरासान) ने अफगानिस्तान के अंदर और बाहर, मध्य एशियाई राज्यों और रूसी उत्तरी काकेशस में भर्ती जारी रखी। पाकिस्तानी सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों में आईएसआईएल-के ने मदरसों में बच्चों को आत्मघाती विचारधारा से परिचित कराया।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने इजराइल और फलस्तीन संघर्ष के द्वि-राष्ट्र समाधान को समर्थन पुनः दोहराया

भाषा ⏭ संयुक्त राष्ट्र



■ किसी को केवल कागजी समाधानों से संतुष्ट नहीं होना चाहिए

भारत ने संयुक्त राष्ट्र के एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन में कहा कि वैश्विक प्रयासों को अब ''उद्देश्यपूर्ण संवाद और कूटनीति'' के माध्यम से इजराइल-फलस्तीन संघर्ष का द्वि-राष्ट्र समाधान हासिल करने पर केंद्रित होना चाहिए।

भारत ने यह भी कहा कि किसी को केवल कागजी समाधानों से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि व्यावहारिक समाधानों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को कहा कि 'फलस्तीन के प्रश्न का शांतिपूर्ण समाधान और द्वि-राष्ट्र समाधान का कार्यान्वयन' विषय पर संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी के दौरान हुए विचार-विमर्श से यह पुष्टि होती है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय का मानना है कि द्वि-राष्ट्र समाधान के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हरीश ने कहा, ''हमारे प्रयास अब इस बात पर केंद्रित होने चाहिए कि उद्देश्यपूर्ण संवाद और कूटनीति के माध्यम से द्वि-राष्ट्र समाधान को कैसे हासिल किया जाए और संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों को एक-दूसरे के साथ प्रत्यक्ष संवाद में कैसे शामिल किया जाए।'' उन्होंने महासभा में कहा, ''समर्थन की पुनः पुष्टि ऐसे ठोस कदमों के रूप में होनी चाहिए जो द्वि-राष्ट्र समाधान का मार्ग प्रशस्त करें। इन कदमों की पहचान और उनके कार्यान्वयन की प्रक्रिया सामूहिक प्रयासों से हासिल की जा सकती है।'' यह उच्च स्तरीय सम्मेलन 28 से 30 जुलाई तक सऊदी अरब और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। हरीश ने कहा कि हमें केवल कागजी समाधानों से संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसे व्यावहारिक समाधान प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

### केदारनाथ यात्रा पर तीन दिन के लिए लगा 'ब्रेक'

रुद्रप्रयाग(एजेंसी)। सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते केदारनाथ यात्रा पर ब्रेक लग गया है। मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढहने से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। यहां दोनों तरफ से आवाजाही ठप हो गई है। मौसम के ठीक होने पर बुधवार सुबह तक सड़क बहाल होने की उम्मीद थी, लेकिन भारी भूस्खलन के चलते सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग बंद हो गया। हाईवे बंद होने पर पुलिस ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग से दोतरफा आवाजाही को रोक दिया है। मंगलवार को शाम साढ़े छह बजे बारिश के बीच मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी

### यूक्रेनी सेना पर रूस ने किया हमला, तीन सैनिकों की मौत

कीव। रूस ने मिसाइल से यूक्रेन की सेना के प्रशिक्षण मैदान को



निशाना बनाया और इस हमले में कम से कम तीन सैनिकों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चेर्निहीव क्षेत्र में होन्चारिव्स्के के पास यूक्रेन के 169वें प्रशिक्षण केंद्र पर दो मिसाइलें दागी गईं इसमें कई सैनिकों की मौत हुई। रूस ने यूक्रेनी नागरिक ठिकानों पर भी हवाई हमले किए हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने बुधवार को बताया कि उसने रात भर में हमलावर 78 ड्रोन दागे। हमले में कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं।

## मोदी दो को वाराणसी से जारी करेंगे सम्मान निधि की 20वीं किस्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

■ केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से बिहार के उप मुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री से कार्यक्रम को लेकर की चर्चा

बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बुधवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान, बैठक में दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण के संबंध में चर्चा कर अपने सुझाव दिए। शिवराज सिंह ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हित में दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बैठक में बिहार व उ.प्र. के मंत्रियों से अनुरोध किया कि वे आगामी 2 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वृहद कार्यक्रम में अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी (उ.प्र.) से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में जारी करेंगे। ये कार्यक्रम सभी राज्यों में होगा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह पटना (बिहार) में इसके आयोजन में सम्मिलित होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर शिवराज सिंह ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सिन्हा व उ.प्र. के कृषि मंत्री शाही से बातचीत की। बैठक में शाही ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों के जुड़ने की आखिरी तारीख को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी जाए, जिस पर शिवराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया, वहीं शाही तथा सिन्हा ने किसानों के हित में अन्य कई सुझाव भी दिए। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।




### भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के बाद भारत में 'वापसी'

■ पिपरहवा निशानियां सन 1898 में खोजी गई थीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देश में वापसी की सराहना करते हुए इसे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक गौरवपूर्ण और खुशी का क्षण बताया। 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए एक वक्तव्य में पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध के उपदेशों के प्रति भारत की अपार श्रद्धा तथा अपनी आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के प्रति राष्ट्र की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक खुशी का दिन। भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहवा निशानियां 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद स्वदेश वापस आ गई हैं।

### चीन की मध्यस्थता बैठक के बाद थाईलैंड और कंबोडिया संघर्ष विराम के लिए राजी

एपी ⏭ बैंकाक

■ पहले मलेशिया में हुआ संघर्ष विराम समझौता सोमवार आधी रात से लागू होना था

थाईलैंड और कंबोडिया ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता के लिए चीन के हस्तक्षेप के बाद संघर्ष विराम के पालन को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। मलेशिया में हुआ संघर्ष विराम समझौता सोमवार आधी रात से लागू होना था, हालांकि उसके बाद भी दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमलों के आरोप लगाए हैं। थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया पर मंगलवार तड़के कई हमले करने का आरोप लगाया। हालांकि कंबोडिया ने कहा कि किसी जगह गोलीबारी नहीं हुई। इसपर थाईलैंड की सेना ने बुधवार को दोनों ओर से गोलीबारी होने की जानकारी दी। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने बुधवार सुबह एक बयान में कहा, "इस तरह की आक्रामकता एक बार फिर कंबोडियाई बलों द्वारा युद्ध विराम समझौते के स्पष्ट उल्लंघन को दर्शाती है।" हालांकि, बुधवार दोपहर तक दोनों पक्षों ने संघर्षविराम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**इजराइल की बढ़ी मुश्किल**

### फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए 14 देश साथ आए



तेल अवीव (एजेंसी)। गाजा में हमास से लड़ रहे इजराइल को यूरोपीय देशों से करारा झटका लगता दिख रहा है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा खोल दिया है। इन देशों की ओर से कहा गया है कि यदि गाजा में इजराइल की ओर से हमले नहीं रोके गए तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा।




### राष्ट्रपति ने एम्स-कल्याणी के पहले दीक्षांत समारोह में की शिरकत

# 48 छात्रों और पीडीसीसी के 9 छात्रों को डिग्री दी

**मुख्य अतिथि के रूप में रहीं मौजूद**

**पोस्ट-डॉक्टोरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी) के छात्र भी रहे शामिल**

एजेंसी ⏭ कोलकाता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। मुर्मू ने इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति ने सभा छात्रों को शुभकामना दी और देश की सेवा करने की बात भी कही। इस अवसर पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर भी मौजूद थे।



#### दक्षिणेश्वर काली मंदिर भी गईं

फिर सड़क मार्ग से वह दक्षिणेश्वर काली मंदिर जाने का भी कार्यक्रम था। राष्ट्रपति ने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में आरती देखने और पूजा करने की इच्छा जताई थी। उनकी इच्छा के अनुसार इस ऐतिहासिक मंदिर में सभी तैयारियां की गई थीं। पूजा के बाद वे सड़क मार्ग से कोलकाता लौटेंगी और राज भवन में रात्रिभोज के बाद रात वहीं बिताएंगी।

#### आज करेंगी कुछ विशिष्ट मुलाकातें

अगले दिन 31 जुलाई को राष्ट्रपति ने सुबह 9:20 से 9:50 बजे तक 30 मिनट का समय कुछ मुलाकातों के लिए रखा है। इसके बाद वह सुबह 10 बजे के आसपास राज भवन से कोलकाता हवाई अड्डे के लिए रवाना होंगी। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

#### छात्र देश सेवा और जन सेवा करें

संस्थान में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के पहले बैच के छात्रों के स्नातक होने के उपलक्ष्य में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पोस्ट-डॉक्टोरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी) के छात्र भी शामिल हुए। एमबीबीएस के कुल 48 छात्रों और पीडीसीसी के नौ छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने छात्रों से देश के विकास के लिए कार्य करने का आग्रह किया। लोगों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25